प्रश्न पुस्तिका
# QUESTION BOOKLET

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

46020978

**04**

समय / Time : 2 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## निर्देश / INSTRUCTIONS

कृपया ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, पंजीयन संख्या, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, परीक्षा केन्द्र कोड (05 अंकों का), परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरें। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की गलत प्रविष्टि भरने पर परीक्षा परिणाम गलत आएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

**Please fill all your entries like Roll No., Registration No., Question Booklet No., Exam Centre Code (of 05 Digits), Examination Date and Shift etc. very carefully on the OMR Answer Sheet, using Black/Blue ball point pen. Filling wrong entry of Question Booklet No. in OMR Answer Sheet will cause wrong examination result and candidate himself/herself will be responsible for the same.**

1. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक **1** से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं प्रश्न पुस्तिका में सभी पृष्ठ मौजूद हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अंतरीक्षक से बदलवा लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
   At the start of the examination check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that all the questions from S.No. **1** to last S.No. **100** are printed and all the pages are present in the Question Booklet. In case of any discrepancy the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
   Answer all questions. All questions carry equal marks.
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा **ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक–चौथाई अंक काटा जाएगा**। प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा।
   Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4 mark will be deducted for each such answer**. Leaving a question unanswered will get zero mark.
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर **काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना है**।
   Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN.**
5. कैलकुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।
   Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
6. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।
   If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
7. अभ्यर्थी परीक्षा–भवन छोड़ने से पहले ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके अभ्यर्थी को दे दी जायेगी।
   Before leaving the Examination Hall candidate must hand over all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating them, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will hand over the candidate's copy of OMR Answer Sheet to the candidate after separating it.
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति तथा अपनी प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं।
   After the exam is over the candidates can take their candidate copy of OMR Answer Sheet and their used Question Booklet along with them.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**



Scanned with CamScanner

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 1 से 5) के उत्तर दीजिए।**

सत्य की आराधना भक्ति है और भक्ति "सिर हथेली पर लेकर चलने का सौदा" है, अथवा वह 'हरि का मार्ग' है, जिसमें कायरता की गुंजाइश नहीं है, जिसमें हार नाम की कोई चीज है ही नहीं। वह तो 'मर कर जीने का मंत्र' है। सब बालक, बड़े, स्त्री, पुरुष चलते-फिरते, उठते-बैठते, खाते-पीते, खेलते-कूदते सारे काम करते हुए यह रटन लगाए रहें और ऐसा करते-करते निर्दोष निद्रा लिया करें तो कितना अच्छा हो। यह सत्य रूपी परमेश्वर मेरे लिए रत्न-चिन्तामणि सिद्ध हुआ है। हम सभी के लिए वैसा ही सिद्ध हो। सत्य और अहिंसा का मार्ग जितना सीधा है उतना ही तंग भी, "असि की धार पर चलने के समान" है। नट जिस डोर पर सावधानी से नजर रख कर चल सकता है, सत्य और अहिंसा की डोर उससे भी पतली है। ज़रा चूके कि नीचे गिरे। पल-पल साधना से ही उसके दर्शन होते हैं। लेकिन सत्य के सम्पूर्ण दर्शन तो इस देह से असंभव है। उसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है। क्षणभंगुर देह द्वारा शाश्वत धर्म का साक्षात्कार सम्भव नहीं होता। अतः अंत में श्रद्धा के उपयोग की आवश्यकता तो रह ही जाती है। इसी से अहिंसा जिज्ञासु के पल्ले पड़ी। जिज्ञासु के सामने यह सवाल पैदा हुआ कि अपने मार्ग में आने वाले संकटों को सहे या उसके निमित्त जो नाश करना पड़े, वह करता जाए और आगे बढ़े। उसने देखा कि नाश करते चलने पर वह आगे नहीं बढ़ता, दर-का-दर पर ही रह जाता है। संकट सहकर आगे तो बढ़ता है लेकिन पहले ही नाश में उसने देखा कि जिस सत्य की उसे तलाश है वह बाहर नहीं है, बल्कि भीतर है। इसीलिए जैसे-जैसे नाश करता जाता है वैसे-वैसे वह पीछे रहता जाता है और सत्य दूर हटता जाता है।

1. सत्यरूपी परमेश्वर की रत्न-चिंतामणि को प्राप्त करने के लिए हम क्या कर सकते हैं ?
   (A) सत्य की आराधना करें।
   (B) ये सभी
   (C) हरि के मार्ग पर चलें।
   (D) अन्तर्निहित सत्य का साक्षात्कार करें।

2. गद्यांश में "चिरस्थाई" शब्द का कौन सा विलोम शब्द प्रयुक्त हुआ है ?
   (A) निमित्त (B) क्षणभंगुर
   (C) शाश्वत (D) श्रद्धा

3. सत्य की तलाश कैसे की जानी चाहिए ?
   (A) सोते-जागते समय राम-नाम का सुमिरण करते रहें।
   (B) इनमें से कोई नहीं
   (C) सत्य की तलाश इस शरीर द्वारा असंभव है।
   (D) श्रद्धापूर्वक अंतःविद्यमान सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए इस सत्य का साक्षात्कार करें।

4. जिज्ञासु को सत्य व अहिंसा के पथ पर चलते समय संकटों का सामना कैसे करना चाहिए ?
   (A) संकटों को सहते हुए निमित्त नाश किये बिना आगे बढ़ना चाहिए।
   (B) सत्य और अहिंसा के मार्ग पर नहीं चलना चाहिए, क्योंकि वह मार्ग बहुत तंग है।
   (C) संकटों के निमित्त को नाश करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
   (D) असत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए।

5. सत्य और अहिंसा के मार्ग को 'असि की धार पर चलने के समान' क्यों बताया गया है ?
   (A) क्योंकि सत्य और अहिंसा का मार्ग जितना सीधा है उतना ही तंग है और इस मार्ग पर चलना अत्यंत कठिन है।
   (B) सभी उत्तर ठीक हैं।
   (C) क्योंकि वह हरि का मार्ग है।
   (D) सत्य और अहिंसा की डोर पर चलना सीधा और सरल है।



Scanned with CamScanner

**प्रश्न सं. 6 से 10 :** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 6 to 10 :** Study the following table and answer the questions based on it.

दिए गए वर्षों में प्रतिवर्ष कंपनी के व्यय (लाख रुपये में)/ **Expenditures of a Company (in Lakh Rupees) per annum over the given years**

| वर्ष / Year | व्यय के मद / Item of Expenditure | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वेतन / Salary | ईंधन तथा परिवहन / Fuel and Transport | बोनस / Bonus | ऋणों पर ब्याज / Interest on Loans | कर / Taxes |
| 2011 | 300 | 100 | 2 | 13.4 | 85 |
| 2012 | 340 | 112 | 1.52 | 22.5 | 110 |
| 2013 | 524 | 105 | 2.84 | 31.6 | 75 |
| 2014 | 340 | 135 | 2.68 | 26.4 | 78 |
| 2015 | 450 | 152 | 2.96 | 39.4 | 88 |

6. 2011 में इन सभी मदों पर कुल व्यय, 2015 में कुल व्यय का लगभग कितना प्रतिशत था ?

Total expenditure on all these items in 2011 was approximately what percent of the total expenditure in 2015 ?

(A) 70.33% (B) 75.75%
(C) 68.33% (D) 72.67%

7. इस अवधि के दौरान कंपनी को प्रति वर्ष ब्याज की औसत राशि कितनी चुकानी पड़ी ?

(A) ₹ 26.66 लाख (B) ₹ 30.12 लाख
(C) ₹ 22.42 लाख (D) ₹ 28.82 लाख

What is the average amount of interest per year which the company had to pay during this period ?

(A) ₹ 26.66 lakhs (B) ₹ 30.12 lakhs
(C) ₹ 22.42 lakhs (D) ₹ 28.82 lakhs

8. दी गई अवधि के दौरान कंपनी द्वारा भुगतान की गई बोनस की कुल राशि, इस अवधि के दौरान भुगतान की गई वेतन की कुल राशि का लगभग कितना प्रतिशत है ?

The total amount of bonus paid by the company during the given period is approximately what percent of total amount of salary paid during this period ?

(A) 0.3% (B) 1.5%
(C) 0.1% (D) 0.6%

9. वर्ष 2013 के दौरान इन मदों पर कंपनी का कुल व्यय कितना है ?

(A) ₹ 586.02 लाख (B) ₹ 582.08 लाख
(C) ₹ 500.4 लाख (D) ₹ 738.44 लाख

What is the total expenditure of the company over these items during the year 2013 ?

(A) ₹ 586.02 Lakhs (B) ₹ 582.08 Lakhs
(C) ₹ 500.4 Lakhs (D) ₹ 738.44 Lakhs

10. सभी वर्षों के लिए करों पर कुल व्यय और सभी वर्षों के लिए ईंधन और परिवहन पर कुल व्यय के बीच का अनुपात क्रमशः लगभग _____ है ।

The ratio between the total expenditure on Taxes for all the years and the total expenditure on Fuel and Transport for all the years respectively is approximately _____.

(A) 109 : 151 (B) 105 : 108
(C) 4 : 7 (D) 15 : 18

**प्रश्न सं. 11 से 15 :** एक व्यक्ति ने एक दिन में पाँच कारें खरीदीं और 10 दिनों के लिए किराए पर रखीं । तालिका को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर ध्यानपूर्वक दें । (कार के स्टैंडिंग टाइम (खड़े होने के समय) को ध्यान में नहीं रखा जाता है ।)

**Q. Nos. 11 to 15 :** A person bought five cars in a day and put on rent for 10 days. Read the table and answer the questions carefully. (Standing time for car is not taken as consideration.)

| | कार का माइलेज / Mileage of Car | प्रतिदिन उपयोग हुए डीज़ल की औसत मात्रा / Average amount of diesel used per day | 10 दिनों के दौरान कुल दूरी तय करने में लगा कुल समय / Total time taken to cover the total distance which is covered during 10 days |
|---|---|---|---|
| ऑल्टो / Alto | 25 कि.मी./ली. / km/litre | 10 लीटर / litres | 50 घंटे / hours |
| स्विफ्ट / Swift | 22 कि.मी./ली. / km/litre | 10 लीटर / litres | 55 घंटे / hours |
| टियागो / Tiago | 30 कि.मी./ली. / km/litre | 12 लीटर / litres | 50 घंटे / hours |
| मिनी / Mini | 20 कि.मी./ली. / km/litre | 25 लीटर / litres | 80 घंटे / hours |
| क्विड / Kwid | 25 कि.मी./ली. / km/litre | 20 लीटर / litres | 100 घंटे / hours |





Scanned with CamScanner

11. दिए गए 10 दिनों के दौरान कार मिनी द्वारा उसकी औसत गति से 875 कि.मी. की यात्रा करने में लिए गए समय का दिए गए 10 दिनों के दौरान कार स्विफ्ट द्वारा उसकी औसत गति से 990 कि.मी. की यात्रा करने में लिए गए समय से अनुपात ज्ञात कीजिए।
Find the ratio of the time taken by car Mini to travel 875 km with the average speed of it during the given 10 days to the time taken by car Swift to travel 990 km with the average speed of it during the given 10 days.
(A) 7 : 9
(B) इनमें से कोई नहीं/None of these
(C) 44 : 47
(D) 56 : 99


12. 10 दिनों के दौरान ऑल्टो और टियागो की औसत गति का अनुपात क्या था ?
What was the ratio of the average speed of Alto and Tiago during 10 days ?
(A) 11 : 10 (B) 25 : 36
(C) 10 : 11 (D) 5 : 6

13. ऑल्टो और क्विड दिए गए 10 दिनों के दौरान अपनी औसत गति की समान गति से एक-दूसरे की ओर यात्रा कर रहे हैं। मिलने के बाद, वे एक-दूसरे के शुरुआती बिंदु की ओर यात्रा करते हैं। यदि शुरू में दोनों कारों के बीच की दूरी 2300 कि.मी. है, तो ऑल्टो और क्विड द्वारा एक-दूसरे से मिलने के बाद अपने गंतव्य तक पहुँचने में लगने वाले समय का अंतर ज्ञात कीजिए।
(A) 22 घंटे (B) इनमें से कोई नहीं
(C) 12 घंटे (D) 0 घंटा
Alto and Kwid is travelling towards each other with speed same as their average speed during the given 10 days. After meeting, they travel to each other's starting point. If initially distance between both cars is 2300 km, then find difference of time taken by Alto and Kwid to reach their destination after meeting each other.
(A) 22 hours (B) None of these
(C) 12 hours (D) 0 hour

14. यदि सभी कारों द्वारा 10 दिनों में तय की गई कुल दूरी, कार A और कार B क्रमशः 150 घंटों और 300 घंटों में तय करती हैं, तो कार A और B की औसत गति के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।
If the total distances covered by all the cars in 10 days is covered by car A and car B in 150 hours and 300 hours respectively, then find the difference between average speeds of car A and B.
(A) 51 कि.मी./घण्टा / km/h
(B) 61 कि.मी./घण्टा / km/h
(C) 50 कि.मी./घण्टा / km/h
(D) 60 कि.मी./घण्टा / km/h

15. 10 दिनों के दौरान टियागो और मिनी द्वारा तय की गई कुल दूरी का अनुपात कितना था ?
What was the ratio of the total distance covered by Tiago and Mini during 10 days ?
(A) 18 : 25 (B) 9 : 5
(C) 9 : 25 (D) 18 : 5

**प्रश्न सं. 16 से 20 :** निम्न रेखा आलेख का अध्ययन करें जो 2001 से 2006 तक छह वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष की शुरुआत में कंपनी में शामिल होने और कंपनी छोड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या दर्शाता है। (वर्ष 2000 के दौरान न तो कोई कर्मचारी कंपनी में शामिल हुआ है और न ही कंपनी छोड़कर गया है।)
**Q. Nos. 16 to 20 :** Study the following line graph, which gives the number of employees who joined the company and left the company in the beginning of each year during six years, from 2001 to 2006. (There is no employee joined the company or left the company during the year 2000.)




16. 2003 के दौरान कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या थी :
The number of employees working in the company during 2003 was :
(A) 4650 (B) 5500
(C) 5000 (D) 5300



Scanned with CamScanner

17. 2003 में कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या, 2006 में कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या का लगभग कितने प्रतिशत थी ?
The number of employees working in the company in 2003 was approximately what percent of the number of employees working in the company in 2006 ?
(A) 96.15% (B) 97.35%
(C) 93.75% (D) 98%

18. दी गई अवधि के दौरान किसी भी वर्ष में कंपनी में शामिल होने वाले कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या का कंपनी छोड़ने वाले कर्मचारियों की अधिकतम संख्या से अनुपात कितना है ?
The ratio of the least number of employees who joined the company to the maximum number of employees who left company in any of the years during the given period is
(A) 14 / 13 (B) 9 / 13
(C) 9 / 17 (D) 12 / 17


19. किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में कंपनी छोड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि / कमी अधिकतम है ?
For which year, the percentage rise/fall in the number of employees who left the company compared to the previous year is maximum ?
(A) 2002 (B) 2004
(C) 2001 (D) 2003

20. 2002 से 2003 तक कर्मचारियों की संख्या में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई ?
The strength of employees increased / decreased from 2002 to 2003 by approximately what percent ?
(A) 2% (B) 4% (C) 1% (D) 3%

**प्रश्न सं. 21 से 25 :** दंड आलेख का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 21 to 25 :** Study the bar graph and answer the questions based on it.

**विगत वर्षों में कंपनी द्वारा खिलौनों का उत्पादन (लाख में)**
**Production of Toys by company (in Lakhs) over the years**




21. 2011 की तुलना में 2018 में खिलौनों के उत्पादन में लगभग प्रतिशत वृद्धि कितनी थी ?
What was the approximate percentage increase in production of toys in 2018 compared to that in 2011 ?
(A) 137.5% (B) 111.11%
(C) 183.33% (D) 128.35%

22. पिछले वर्ष की तुलना में किस वर्ष उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक थी ?
In which year the percentage increase in production was maximum as compared to the previous year ?
(A) 2013 (B) 2017
(C) 2012 (D) 2015

23. दिए गए कितने वर्षों में खिलौनों का उत्पादन दिए गए वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक था ?
In how many of the given years was the production of toys more than the average production of the given years ?
(A) 2 (B) 4
(C) 1 (D) 3

24. 2013 से 2014 तक खिलौनों के उत्पादन में लगभग प्रतिशत गिरावट कितनी थी ?
What was the approximate percentage decline in the production of toys from 2013 to 2014 ?
(A) 15% (B) 25%
(C) 10% (D) 20%

25. 2015 और 2016 का औसत उत्पादन निम्नलिखित में से किस वर्षों के युग्म के औसत उत्पादन के बिलकुल बराबर था ?
(A) 2014 और 2015 (B) 2014 और 2016
(C) 2016 और 2017 (D) 2012 और 2017
The average production of 2015 and 2016 was exactly equal to the average production of which of the following pair of years ?
(A) 2014 and 2015 (B) 2014 and 2016
(C) 2016 and 2017 (D) 2012 and 2017.

26. निम्नलिखित में से कौन वह व्यक्ति है जिनका नाम 'देवानामपिय पियदस्सी' भी था ?
(A) मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त
(B) भगवान महावीर
(C) मौर्य सम्राट अशोक
(D) गौतम बुद्ध

Who among the following is the person whose name was also 'Devanampiya Piyadassi ' ?
(A) Mauryan Emperor Chandragupta
(B) Lord Mahavir
(C) Mauryan Emperor Ashoka
(D) Gautam Buddha

27. संगमरमर पर पिएत्रा ड्यूरा (पित्रा–दुरा) या रंगीन पत्थर की जड़ाई का काम ________ के समय में बहुत लोकप्रिय हुआ ।
(A) अकबर (B) इनमें से कोई नहीं
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

The pietra dura or coloured stone inlay work on marble became very popular in the days of ________.
(A) Akbar (B) None of these
(C) Shahjahan (D) Aurangzeb

28. निम्नलिखित में से किस युग में ताँबे का पहली बार उपयोग किया गया था ?
(A) मध्यपाषाण युग (B) नवपाषाण युग
(C) ताम्रपाषाण युग (D) पुरापाषाण युग

In which of the following age copper was first used ?
(A) Mesolithic Age
(B) Neolithic Age
(C) Chalcolithic Age
(D) Paleolithic Age

29. निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया था ?
(A) कश्मीर (B) पाटलिपुत्र
(C) गया (D) राजगीर

The first Buddhist Council was held at which among the following places ?
(A) Kashmir (B) Pataliputra
(C) Gaya (D) Rajgir

30. दांडी नमक यात्रा के दौरान, निम्नलिखित में से किस सामाजिक कार्यकर्ता ने गांधीजी को आंदोलनों को केवल पुरुषों तक सीमित न रखने के लिए राजी किया था ?
(A) पंडिता रमाबाई
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) कमलादेवी चट्टोपाध्याय
(D) मैडम कामा

During the Dandi Salt March, which among the following social activist had persuaded Gandhiji not to restrict the protests to men alone ?
(A) Pandita Ramabai
(B) None of these
(C) Kamaladevi Chattopadhyay
(D) Madam Cama

31. जब ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई, तब भारत पर निम्नलिखित में से किसका शासन था ?
(A) गुप्त सम्राट (B) शुंग सम्राट
(C) मौर्य सम्राट (D) मुगल सम्राट

When the East India Company was established, India was ruled by whom among the following ?
(A) A Gupta Emperor
(B) A Sunga Emperor
(C) A Maurya Emperor
(D) A Mughal Emperor

32. भूदान–ग्रामदान आंदोलन निम्नलिखित में से किसके द्वारा शुरू किया गया था ?
(A) विनोबा भावे
(B) आचार्य कृपलानी
(C) एम.के. गांधी
(D) जयप्रकाश नारायण

The Bhoodan-Gramdan movement had been started by whom among the following ?
(A) Vinoba Bhave
(B) Acharya Kripalani
(C) M. K. Gandhi
(D) Jayaprakash Narayan

33. प्रसिद्ध युद्ध का नारा 'चलो दिल्ली' किसने दिया था ?
(A) लाला लाजपत राय
(B) चंद्रशेखर आज़ाद
(C) सुभाष चंद्र बोस
(D) भगत सिंह

Who gave the famous battle cry 'Chalo Dilli' ?
(A) Lala Lajpat Rai
(B) Chandra Shekhar Azad
(C) Subhash Chandra Bose
(D) Bhagat Singh

34. राष्ट्रवाद की पहली स्पष्ट अभिव्यक्ति निम्नलिखित में से किस क्रांति के साथ हुई ?
(A) औद्योगिक क्रांति
(B) फ्रांसीसी क्रांति
(C) अमेरिकी क्रांति
(D) रूसी क्रांति

The first clear expression of nationalism came with which among the following revolutions ?
(A) The Industrial Revolution
(B) The French Revolution
(C) The American Revolution
(D) The Russian Revolution

35. सरकार के निम्नलिखित में से किस अधिनियम के कारण बंबई से सिंध प्रांत का निर्माण हुआ ?
(A) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947
(B) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(C) वेवेल योजना
(D) क्रिप्स मिशन

Which among the following Acts of the Government led to the creation of the Sind Province from Bombay ?
(A) Indian Independence Act, 1947
(B) Government of India Act, 1935
(C) Wavell Plan
(D) Cripps Mission

36. भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय (GMT) से ________ आगे है ।
(A) 4 घंटे (B) $3\frac{7}{2}$ घंटे
(C) 7 घंटे (D) $5\frac{1}{2}$ घंटे

Indian Standard Time is ahead of Greenwich Mean Time (GMT) by ____.
(A) 4 hours (B) $3\frac{7}{2}$ hours
(C) 7 hours (D) $5\frac{1}{2}$ hours

37. निम्नलिखित में से कौन जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला आर्थिक कारक नहीं है ?
(A) शहरीकरण (B) पानी की उपलब्धता
(C) खनिज (D) औद्योगीकरण

Which of the following is not the economic factor for influencing the population distribution ?
(A) Urbanisation
(B) Availability of water
(C) Minerals
(D) Industrialisation

38. विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट ________ के बीच स्थित है ।
(A) भारत और नेपाल (B) इनमें से कोई नहीं
(C) भारत और भूटान (D) नेपाल और तिब्बत

Mount Everest – the highest peak in the world is located between
(A) India & Nepal (B) None of these
(C) India & Bhutan (D) Nepal & Tibet

39. निम्नलिखित में से भारत में "अक्टूबर की गर्मी" का मुख्य कारण क्या है ?
(A) भारत में गंगा के मैदानी इलाकों में अल्प दाब तंत्र
(B) गर्म और शुष्क मौसम
(C) उच्च आर्द्रता से जुड़ा उच्च तापमान
(D) निम्न वेग हवाएँ

Which among the following is the main reason for "October heat" in India ?
(A) Low pressure system in Gangetic plains in India
(B) Hot and dry weather
(C) High temperature associated with high humidity
(D) Low velocity winds



Scanned with CamScanner

**40.** किसी भी विकासशील अर्थव्यवस्था के प्रारंभिक चरणों में, अधिकांश गतिविधियाँ ________ क्षेत्र से संबंधित होती हैं ।

(A) द्वितीयक (B) सूचना प्रौद्योगिकी

(C) प्राथमिक (D) तृतीयक

At the initial stages of any developing economy, the majority of activities belong to the ____________ sector.

(A) Secondary
(B) Information Technology
(C) Primary
(D) Tertiary

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा हरित क्रांति की रणनीति का हिस्सा था ?

(A) रासायनिक उर्वरक और पीड़कनाशी
(B) यह सभी
(C) उच्च उपज देने वाली किस्मों के बीज
(D) सिंचाई

Which among the following was a part of the green revolution strategy ?

(A) Chemical fertilizers and pesticides
(B) All of these
(C) High yielding variety seeds
(D) Irrigation

**42.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है ?

(A) दामोदर (B) कोसी

(C) हुगली (D) घाघरा

Which of the following rivers is known as the 'Sorrow of Bihar' ?

(A) Damodar (B) Kosi

(C) Hooghly (D) Ghaghara

**43.** भारत की पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम स्वीकृति निम्नलिखित में से किसके द्वारा दी गई थी ?

(A) भारत के उपराष्ट्रपति
(B) वित्त मंत्रालय
(C) वित्त सचिव
(D) राष्ट्रीय विकास परिषद

The final approval to the five year plans of India was given by whom among the following ?

(A) Vice-President of India
(B) Ministry of Finance
(C) Finance Secretary
(D) National Development Council

**44.** भारत की संघ कार्यकारिणी में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं हैं ?

(A) उपराष्ट्रपति (B) राज्यों के मुख्यमंत्री

(C) राष्ट्रपति (D) प्रधानमंत्री

In the Union Executive of India, who among following is not included ?

(A) The Vice-President
(B) The Chief Minister of States
(C) The President
(D) The Prime Minister

**45.** निम्नलिखित में से कौन एक वाणिज्यिक बैंक नहीं है ?

(A) एच.एस.बी.सी. HSBC
(B) सिडबी
(C) भारतीय स्टेट बैंक
(D) आई.सी.आई.सी.आई. बैंक

Which of the following is not a Commercial Bank ?

(A) HSBC
(B) SIDBI
(C) State Bank of India
(D) ICICI Bank

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम संसद के तहत एक विशेष कानून पारित करके स्थापित किया गया है ?

(A) विभागीय उपक्रम (B) इनमें से कोई नहीं

(C) वैधानिक निगम (D) एकल स्वामित्व

Which one of the following public sector undertaking is established by passing a special law under Parliament ?

(A) Departmental Undertaking
(B) None of these
(C) Statutory Corporation
(D) Sole Proprietorship



Scanned with CamScanner

**47.** निम्नलिखित में से किसे किसी केंद्र शासित प्रदेश में उच्च न्यायालय स्थापित करने का अधिकार है ?

(A) सर्वोच्च न्यायालय (B) इनमें से कोई नहीं

(C) संसद (D) राष्ट्रपति

Who among the following has the right to set up a High Court in any Union Territory ?

(A) Supreme Court (B) None of these

(C) Parliament (D) President

**48.** निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद भारतीय संविधान में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना और गठन के बारे में है ?

Which of the following article is about Establishment and constitution of Supreme Court in Indian Constitution ?

(A) 120 (B) 124

(C) 118 (D) 122

**49.** ________ के पास मौलिक अधिकार को लागू करने की शक्ति है ।

(A) सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों

(B) इनमें से कोई नहीं

(C) संसद सदस्यों

(D) राष्ट्रपति

________ has/have the power to implement the Fundamental Right.

(A) The Supreme Court and High Courts

(B) None of these

(C) Members of Parliament

(D) The President

**50.** भारत में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के अधीन है ?

(A) गृह मंत्रालय (B) इनमें से कोई नहीं

(C) रक्षा मंत्रालय (D) वित्त मंत्रालय

In India, The National Human Rights Commission is under which of the following ministry ?

(A) Ministry of Home Affairs

(B) None of these

(C) Defense Ministry

(D) Finance Ministry

**51.** न्यूमोनिया मानव शरीर के निम्नलिखित में से किस अंग को प्रभावित करता है ?

(A) वृक्क (B) हृदय

(C) फेफड़े (D) यकृत

Pneumonia affects which of the following part of human body ?

(A) Kidney (B) Heart

(C) Lungs (D) Liver

**52.** निम्नलिखित में से कौन सा वनस्पति रेशा नहीं है ?

(A) जूट (B) फ्लैक्स

(C) कॉटन (D) नायलॉन

Which among the following is not a plant fibre ?

(A) Jute (B) Flax

(C) Cotton (D) Nylon

**53.** तारों का रंग निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है ?

(A) दबाव (B) वायु प्रदूषण

(C) उसके तापमान (D) पृथ्वी से दूरी

The colours of the stars depends upon which of the following ?

(A) Pressure

(B) Pollution of the air

(C) Its temperature

(D) Distance from earth

**54.** निम्नलिखित में से कौन सी गैस ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार है ?

(A) संपीडित प्राकृतिक गैस

(B) ऑक्सीजन

(C) ग्रीनहाउस गैस

(D) पाइप्ड प्राकृतिक गैस

Which among the following gases is responsible for global warming ?

(A) Compressed Natural Gas

(B) Oxygen

(C) Greenhouse Gas

(D) Piped Natural Gas



Scanned with CamScanner

55. $\dfrac{(0.05)^2 + (0.41)^2 + (0.073)^2}{(0.005)^2 + (0.041)^2 + (0.0073)^2} =$

(A) 10 (B) 1000

(C) 1 (D) 100

56. 40% व्यक्ति समाचार-पत्र X पढ़ते हैं और 50% व्यक्ति समाचार-पत्र Y पढ़ते हैं । 10% व्यक्ति दोनों समाचार-पत्र पढ़ते हैं । कितने व्यक्ति दोनों में से कोई समाचार पत्र नहीं पढ़ते हैं ?

40% persons read newspaper X and 50% persons read newspaper Y. 10% persons read both newspapers. How many persons do not read any of the newspapers ?

(A) 15% (B) 30%

(C) 25% (D) 20%

57. 5 परिणामों का औसत 46 है और पहले चार का 45 है । पाँचवाँ परिणाम है :

The average of 5 results is 46 and that of the first four is 45. The fifth result is

(A) 10 (B) 50

(C) 1 (D) 12.5

58. $\sqrt{29.8116} + \sqrt{77.44} =$

(A) 12.62 (B) 14.62

(C) 12.26 (D) 14.26

59. पादप कोशिका भित्ति निम्नलिखित में से किससे बनी होती है ?

(A) ग्लूकोज़ (B) फ्रक्टोज़

(C) सेलूलोज़ (D) सुक्रोज

Plant cell wall is made up of what among the following ?

(A) Glucose (B) Fructose

(C) Cellulose (D) Sucrose

60. $(5.21 \times 6.32) - 2.9272 =$

(A) 32 (B) 36

(C) 30 (D) 34

61. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?

(A) पार्वती, रुद्राणी, भवानी

(B) रीता, रिक्त, तिक्त

(C) दानव, निशाचर, अंबक

(D) मनोरथ, स्पृहा, निलय

62. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है ?

(A) नूतन – पुरातन

(B) जोड़ – मेल

(C) निषिद्ध – तुच्छ

(D) कर्कश – खुरखुरा

63. 'खयाली पुलाव पकाना' – मुहावरे का अर्थ है :

(A) गुणात्मक वृद्धि होना ।

(B) उपद्रव मचाना ।

(C) भूला हुआ दुःख पुनः याद आना ।

(D) असंभव बातों की कल्पना करना ।

64. 'महर्षि' शब्द का सही संधि विच्छेद बताइए ।

(A) म + अहर्षि

(B) महा + ऋषि

(C) मह + ऋषि

(D) महि + ऋषि

65. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है ?

| | शब्द-युग्म | अर्थ-भेद |
|---|---|---|
| (A) | अनिल – अनल | हवा – आग |
| (B) | अवलंब – अविलम्ब | अधर – विलोकित |
| (C) | अंश – अंस | हिस्सा – कंधा |
| (D) | अपेक्षा – उपेक्षा | आशा – निरादर |

Scanned with CamScanner

**Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (Q. 66 and 67)**

Last week Caroline went on her first deep sea fishing trip off the coast of Catalina Island. She had always enjoyed fishing when she was a child but had never gone fishing in the ocean. Her dad liked to fish very often. Her big brother Jack was never the outdoor type, so her dad took her out often. One of his favourite spots was Lake Isabella, which was about two hours from their home. She recalls how she and her dad would spend a long, leisurely day driving to the lake, and then taking his small boat out on the water. It was quiet and peaceful for the most part. Those memories remain some of her most cherished moments of her life. Caroline has a friend called Robert. On this day, Robert invited Caroline to join him on his company's fishing trip. Robert said it wouldn't cost much but would be a lot of fun. He knew Caroline enjoyed lake fishing and figured she would have a great time. "Okay", said Caroline, and to the ocean they went.

The first thing Caroline noticed, however, was the motion. "Wow, this boat really rocks", Caroline told Robert. "Don't worry about it. You will get used to it", he said. The trip to the waters off Catalina Island took about an hour. Caroline marvelled at how quickly she lost sight of the mainland. It was a bit scary when she thought about how alone they were in this great ocean. Soon, it was time to collect squid for bait. The small boat stopped in the water and the crew turned the bright light into the ocean to attract the squid. Before long, thousands of squid rose to the surface and were collected for bait. After about an hour, Caroline didn't feel the rocking motion anymore. They were ready to fish. Caroline caught her first ocean trout. It was a beautiful day.

**66.** Was Caroline's brother an outdoor type ?
(A) No (B) Can't say
(C) Yes (D) Not specified

**67.** Why were the squids collected ?
(A) For selling (B) For baiting
(C) For eating (D) For cooking

**68.** Give one word substitute for –
"The practice of writing, editing and /or compiling dictionaries"
(A) Lexicography (B) Psychology
(C) Biography (D) Philology

**69.** एक महिला की ओर इशारा करते हुए, निलेश ने कहा, "वह मेरी पत्नी के दादा की इकलौती संतान की इकलौती बेटी है ।" महिला निलेश से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) पत्नी (B) बेटी
(C) माँ (D) चाची
Pointing to a woman, Nilesh said, "She is the only daughter of my wife's grandfather's only child." How is the woman related to Nilesh ?
(A) Wife (B) Daughter
(C) Mother (D) Aunt

**70.** असंगत अलग करें /Find odd one out :
8, 27, 64, 100, 125, 216, 343
(A) 100 (B) 343
(C) 27 (D) 125

**71.** 1 जनवरी, 2006 को रविवार था । 1 जनवरी, 2010 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?
(A) शुक्रवार (B) मंगलवार
(C) सोमवार (D) रविवार
It was Sunday on Jan. 1, 2006. What was the day of the week on Jan. 1, 2010 ?
(A) Friday (B) Tuesday
(C) Monday (D) Sunday

**72.** Give synonym for the word : "Partial"
(A) Intact (B) Unbroken
(C) Incomplete (D) Perfect

**73.** Choose the correct antonym : "Disappoint".
(A) Satisfy (B) Meet
(C) Sale (D) Example




Scanned with CamScanner

**74.** निम्नलिखित प्रश्न में कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद निष्कर्ष निकाले गए हैं । निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की परवाह किए बिना दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है ।

**कथन :** सभी किताबें पेपर हैं । कुछ पेपर जर्नल हैं । कुछ जर्नल कैलेंडर हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ जर्नल किताबें हैं ।

II. कुछ कैलेंडर पेपर हैं ।

III. कुछ किताबें जर्नल हैं ।

IV. कुछ किताबें कैलेंडर हैं ।

(A) केवल II (B) इनमें से कोई नहीं

(C) केवल I (D) केवल III

In the following question statements are given and these statements are followed by conclusions. Read the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follows the given statements, disregarding commonly known facts.

**Statements :** All the books are papers. Some papers are journals. Some journals are calendars.

***Conclusions:***

I. Some journals are books.

II. Some calendars are papers.

III. Some books are journals.

IV. Some books are calendars.

(A) Only II (B) None of these

(C) Only I (D) Only III

**75.** यदि NORMAL को RPNLBM के रूप में कोडित किया जाता है, तो GATHER का कोड क्या होगा ?

If NORMAL is coded as RPNLBM, then what is the code for GATHER ?

(A) TBGRFH (B) TBGREH

(C) TAGRFH (D) TBHRFH

**76.** निम्नलिखित में से किस देश ने अगस्त, 2022 में ताइवान के आसपास अपना अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास किया ?

(A) यूएसए (B) चीन

(C) रूस (D) इज़राइल

Which among the following countries conducted its largest-ever military exercises around Taiwan in August, 2022 ?

(A) USA (B) China

(C) Russia (D) Israel

**77.** अगस्त, 2022 में, भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन निम्नलिखित में से किस शहर में किया गया था ?

(A) पुणे (B) हैदराबाद

(C) कोलकाता (D) बैंगलोर

In August, 2022, India's first underwater metro was inaugurated in which of the following cities ?

(A) Pune (B) Hyderabad

(C) Kolkata (D) Bangalore

**78.** निम्नलिखित में से किस देश के वैज्ञानिकों ने पहला कृत्रिम भ्रूण तैयार किया है ?

(A) इज़राइल (B) चीन

(C) यू.एस.ए. (D) कनाडा

Which among the following country's scientists have prepared first synthetic embryos ?

(A) Israel (B) China

(C) USA (D) Canada

**79.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस राज्य में IIBX (इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज) लॉन्च किया है ?

(A) महाराष्ट्र (B) उत्तर प्रदेश

(C) गोवा (D) गुजरात

Prime Minister Narendra Modi has launched the IIBX (India International Bullion Exchange) in which among the following states ?

(A) Maharashtra (B) Uttar Pradesh

(C) Goa (D) Gujarat



Scanned with CamScanner

**80.** आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 'बढ़े चलो' अभियान निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है ?

(A) शिक्षा मंत्रालय (B) विदेश मंत्रालय

(C) संस्कृति मंत्रालय (D) गृह मंत्रालय

'Badhe Chalo' campaign under Azadi ka Amrit Mahotsav has been launched by which among the following Central Ministry ?

(A) Ministry of Education

(B) Ministry of External Affairs

(C) Ministry of Culture

(D) Ministry of Home Affairs

**81.** भारतीय सेना ने जुलाई, 2022 में __________ नामक एक अखिल भारतीय उपग्रह संचार अभ्यास का आयोजन किया था ।

(A) स्पेसलाइट (B) इनमें से कोई नहीं

(C) स्काइलाइट (D) मूनलाइट

The Indian Army had conducted a pan-India satellite communication exercise named__________ in July, 2022.

(A) Spacelight (B) None of these

(C) Skylight (D) Moonlight

**82.** भारत के किन दो शहरों के बीच "अकासा एयर" की पहली उड़ान का उद्घाटन किया गया ?

(A) चेन्नई से मुंबई

(B) अहमदाबाद से लखनऊ

(C) जबलपुर से दिल्ली

(D) मुंबई से अहमदाबाद

First flight of "Akasa Air" had been inaugurated between which two cities in India ?

(A) Chennai to Mumbai

(B) Ahmedabad to Lucknow

(C) Jabalpur to Delhi

(D) Mumbai to Ahmedabad

**83.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य भारत में पहला 'हर घर जल' प्रमाणित राज्य बन गया है ?

(A) केरल (B) उत्तराखंड

(C) गोवा (D) राजस्थान

Which among the following states became the first 'Har Ghar Jal' certified state in India ?

(A) Kerala (B) Uttarakhand

(C) Goa (D) Rajasthan

**84.** निम्नलिखित में से कौन भारत का पड़ोसी देश नहीं है ?

(A) म्यांमार (B) मालदीव

(C) चीन (D) यू.ए.ई.

Which among the following is not a neighbouring country of India ?

(A) Myanmar (B) Maldives

(C) China (D) U.A.E.

**85.** निम्नलिखित में से किस IIT ने भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए 'Al4Bharat में नीलेकणी केंद्र' की शुरुआत की है ?

(A) IIT कानपुर (B) IIT मद्रास

(C) IIT हैदराबाद (D) IIT बॉम्बे

Which among the following IIT has launched the 'Nilekani Centre at Al4Bharat' to advance Indian language technology ?

(A) IIT Kanpur (B) IIT Madras

(C) IIT Hyderabad (D) IIT Bombay

**86.** किस केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया ?

(A) अमित शाह (B) नरेंद्र मोदी

(C) स्मृति ईरानी (D) अनुराग ठाकुर

A National Conference on Drug Trafficking and National Security was held at Chandigarh under the chairmanship of which Union Minister ?

(A) Amit Shah (B) Narendra Modi

(C) Smriti Irani (D) Anurag Thakur

87. ________ लोक सभा में पद धारण करने की न्यूनतम आयु है।
(A) 21 वर्ष (B) 30 वर्ष
(C) 18 वर्ष (D) 25 वर्ष
________ is the minimum age for holding office in the Lok Sabha.
(A) 21 years (B) 30 years
(C) 18 years (D) 25 years

88. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस किस तारीख को मनाया जाता है ?
(A) 1 अप्रैल (B) 10 नवंबर
(C) 22 मई (D) 15 दिसंबर
International Day for Biological Diversity is celebrated on which date ?
(A) 1 April (B) 10 November
(C) 22 May (D) 15 December

89. निम्नलिखित में से कौन सा विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप है ?
(A) मानपुरा द्वीप (B) माजुली द्वीप
(C) श्रीरंगम द्वीप (D) लुलु द्वीप
Which among the following is the largest river island in the world ?
(A) Manpura Island
(B) Majuli Island
(C) Srirangam Island
(D) Lulu Island

90. निम्नलिखित में से हंगरी की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है ?
(A) हंगेरियन फ़ोरिंट (B) इनमें से कोई नहीं
(C) हंगेरियन नाइरा (D) हंगेरियन पाउंड
What among the following is the national currency of Hungary ?
(A) Hungarian Forint
(B) None of these
(C) Hungarian Naira
(D) Hungarian Pound

91. स्वतंत्रता के बाद भाषा के आधार पर बने भारत के पहले राज्य का नाम बताइए।
(A) आंध्र प्रदेश (B) गोवा
(C) महाराष्ट्र (D) केरल
Name the first state in India formed after independence on the basis of language.
(A) Andhra Pradesh (B) Goa
(C) Maharashtra (D) Kerala

92. निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध पुस्तक 'पावर्स ऑफ द माइंड' लिखी है ?
(A) महात्मा गांधी (B) रबींद्रनाथ टैगोर
(C) स्वामी विवेकानंद (D) गुलज़ार
Who among the following wrote famous book 'Powers of the Mind' ?
(A) Mahatma Gandhi
(B) Rabindranath Tagore
(C) Swami Vivekananda
(D) Gulzar

93. UNFCCC का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है ?
(A) यूनाइटेड नेशन्स फेडरेशन कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज
(B) यूनाइटेड नेशन्स फेडरेशन काउन्सिल ऑन क्लाइमेट चेंज
(C) यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज
(D) यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क काउन्सिल ऑन क्लाइमेट चेंज
UNFCCC stands for what among the following ?
(A) United Nations Federation Convention on Climate Change
(B) United Nations Federation Council on Climate Change
(C) United Nations Framework Convention on Climate Change
(D) United Nations Framework Council on Climate Change

94. नौटंकी निम्नलिखित में से किस राज्य का लोक नृत्य है ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) आंध्र प्रदेश
(C) केरल (D) कर्नाटक
Nautanki is a folk dance of which among the following states ?
(A) Uttar Pradesh (B) Andhra Pradesh
(C) Kerala (D) Karnataka

95. अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का मुख्यालय ________ में है।
(A) यू.एस.ए. (B) इनमें से कोई नहीं
(C) स्विट्ज़रलैंड (D) जर्मनी
The headquarters of International Olympic Committee is at
(A) USA (B) None of these
(C) Switzerland (D) Germany

Scanned with CamScanner

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 96 से 100) के उत्तर दीजिए ।

ज्ञान राशि के संचित कोश को ही साहित्य कहा जाता है । साहित्य जहाँ समाज को प्रभावित करता है, वहीं वह समाज से प्रभावित भी होता है । व्यक्ति समाज और साहित्य दोनों की रचना करता है । साहित्य से ही हमें अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिलती है । प्रत्येक युग का साहित्य अपने युग के प्रगतिशील विचारों द्वारा किसी न किसी रूप में अवश्य प्रभावित होता है । साहित्य हमारी कौतूहल एवं जिज्ञासा वृत्तियों और ज्ञान की पिपासा को तृप्त करता है । साहित्य से ही किसी राष्ट्र का इतिहास, गरिमा, संस्कृति और सभ्यता, वहाँ के पूर्वजों के विचारों एवं अनुसंधानों, प्राचीन रीति-रिवाजों, रहन-सहन और परंपराओं आदि की जानकारी प्राप्त होती है । किस काल में देश के किस भाग में कौन सी भाषा बोली जाती थी, उस समय की वेशभूषा क्या थी, रहन-सहन कैसा था, सामाजिक और धार्मिक विचार कैसे थे, यह सब कुछ उस समय के साहित्य अध्ययन से ज्ञात होता है ।

साहित्य समाज का दर्पण है – इससे अभिप्राय यही है कि साहित्य समाज का न केवल चित्र प्रस्तुत करता है, अपितु समाज के प्रति वह अपना दायित्व निर्वाह भी करता है । समाज में फैली अनैतिकता, अराजकता, निरंकुशता जैसे अवांछनीय तत्त्वों के दुष्प्रभावों को साहित्य बड़े ही मर्मस्पर्शी रूप में हमारे समक्ष लाता है । हिंदी साहित्य की आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक रचित प्रायः सभी रचनाओं द्वारा तत्कालीन समाज की परिस्थिति, विचार व कार्य व्यापार की पूरी जानकारी प्राप्त होती है । यह भी सही है कि यदि साहित्य वास्तव में केवल समाज का दर्पण होता, तो कवि या साहित्यकार समाज की विसंगतियों या विडंबनाओं पर प्रहार नहीं करता और उसे अपेक्षित दिशा बोध देने के लिए भी प्रयत्नशील नहीं रहता । समाज के प्रति साहित्यकार का दायित्व आशा का संचार करना, उत्साह व कर्तव्यबोध को दिशा देना आदि है । प्राचीन काल से लेकर आज तक के साहित्यकारों की यही गौरवशाली परंपरा रही है कि समाज की रूपरेखा को कल्याणकारी व सुखद मार्ग द्वारा प्रस्तुत करने से सत्साहित्य का रचनाकार कभी पीछे नहीं हटता है । साहित्य में वह शक्ति है जो तोप तथा तलवारों में भी नहीं होती ।

**96.** साहित्य अपने दायित्व का निर्वाह किस प्रकार पूरा करता है ?
(A) दर्पण के माध्यम से
(B) इतिहास बताकर
(C) दुष्प्रभावों को सामने लाकर
(D) पूरी जानकारी देकर

**97.** प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक क्या हो सकता है ?
(A) साहित्य और समाज (B) साहित्य का भविष्य
(C) समाज (D) साहित्य और शिक्षा

**98.** साहित्यकार समाज के प्रति अपने उद्देश्य को कैसे परिपूर्ण करता है ?
(A) साहित्यकार समाज में अपनी कृतियों द्वारा आशा का संचार करता है और उत्साह एवं कर्तव्यवाद का संदेश देता है ।
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) साहित्यकार तोपों और तलवारों की शक्ति का प्रयोग करता है ।
(D) साहित्यकार समाज की रूपरेखा को कल्याणकारी व सुखद मार्ग द्वारा प्रस्तुत करने से सदा पीछे ही रहता है ।

**99.** साहित्य हमें किस तरह से पुरानी पीढ़ियों की जानकारी देता है ?
(A) साहित्य समाज का दर्पण होता है, इसलिए साहित्य द्वारा पुराने समाज की बुराइयों का परिचय प्राप्त होता है ।
(B) समाज में फैली अनैतिकता, अराजकता, निरंकुशता जैसे अवांछनीय तत्त्वों के दुष्प्रभावों को साहित्य द्वारा ही जाना जा सकता है ।
(C) राष्ट्र का इतिहास, गरिमा, संस्कृति-सभ्यता, पूर्वजों के विचार, अनुसंधान आदि तत्कालीन साहित्य द्वारा ही जाने जा सकते हैं ।
(D) साहित्य समाज का दर्पण मात्र नहीं है, अतएव साहित्य द्वारा राष्ट्र का इतिहास, गरिमा, संस्कृति-सभ्यता, पूर्वजों के विचार, अनुसंधान आदि नहीं जाने जा सकते ।

**100.** साहित्य केवल समाज का दर्पण क्यों नहीं है ?
(A) क्योंकि साहित्य द्वारा समाज की विडंबनाओं और विसंगतियों पर प्रहार करके उनमें सुधार लाने की कोशिश की जाती है ।
(B) क्योंकि साहित्य समाज में फैली अनैतिकता, अराजकता, निरंकुशता जैसे अवांछनीय तत्त्वों के दुष्प्रभावों को हमसे छिपाता है ।
(C) क्योंकि साहित्यकार केवल समाज की विडंबनाओं और विसंगतियों को दर्शाता है ।
(D) क्योंकि साहित्य समाज की प्राचीन परंपराओं से जुड़कर अंधविश्वास जैसे दूषणों को स्वीकार करना सिखाता है ।



Scanned with CamScanner